ENGLISH LITERACY PROGRAM

# WORD POWER CHAMPIONSHIP

2022-23











## STUDY MATERIAL

कक्षा दूसरी से पाँचवी

**विशेष रूप से क्षेत्रीय भाषा के विद्यालयों के छात्रों के लिए भारत की सबसे बड़ी अंग्रेज़ी प्रतियोगिता।**

# *Word Power Championship*

## LeapForWord के बारे में विवरण :-

LeapForWord यह एक मुंबई स्थित (गैर सरकारी) संस्था है जो एकल सबसे बड़ी समस्या, कमज़ोर अंग्रेज़ी क्षमताओं को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है- जो क्षेत्रीय भाषा समुदायों के छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा और बेहतर रोज़गार के अवसरों तक पहुंचने से रोकती है, उन शिक्षकों को ध्यान में रखते हुए जो प्रवाहशील अंग्रेज़ी बोलने में असमर्थ हैं और अच्छे तरीके से अंग्रेज़ी पढ़ाने में असमर्थ हैं, LeapForWord ने उनके लिए अंग्रेज़ी पढ़ाने का एक वैकल्पिक तरीका विकसित किया है, जिसमें अंग्रेज़ी पढ़ाने के लिए अंग्रेज़ी बोलने की आवश्यकता नहीं होती है। LeapForWord का 'इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम' क्षेत्रीय भाषा पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए अंग्रेज़ी में कुशल बनने का एक प्रमुख साधन है।

'इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम' के तहत, अध्ययन के चार स्तरों को विकसित किया है, एलिमेन्ट्री रीडिंग, एडवांस रीडिंग, एलिमेन्ट्री कॉम्प्रिहेन्शन और एडवांस कॉम्प्रिहेन्शन। इस कार्यक्रम के तहत उन शिक्षकों के साथ सहयोग किया जाता है, जिन पर अंग्रेज़ी पढ़ाने का उत्तरदायित्व है, और जहाँ छात्रों को अपने अंग्रेज़ी कौशल में सुधार करने का अवसर कम मिलता है। यह कार्यक्रम अभी मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु इन नौ राज्यों में चल रहा है। LeapForWord संस्था की स्थापना के बाद यह कार्यक्रम ३,१५,००० + शिक्षकों के माध्यम से १,११३,४००, से अधिक छात्रों तक पहुँच चुका है। 'इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम' मराठी, हिंदी, गुजराती, तमिल और तेलुगु यह पांच भाषाओं में उपलब्ध है।

## Word Power Championship प्रतियोगिता की जानकारी :-

लोकप्रिय अमेरिकन स्पर्धा **'स्पेलिंग बी'** की तर्ज पर रूपांकित **'वर्ड पावर चैंपियनशिप'** भारत में एकमात्र ऐसी अंग्रेज़ी प्रतियोगिता है, जिसे विशेष रूप से प्रादेशिक भाषिक स्कूल के छात्रों के लिए विकसित किया गया है।

लीपफॉरवर्ड के वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम **डब्ल्यू.पी.सी.** को विकसित करने का उद्देश्य...

1. अत्यधिक सफल इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम में भाग लेने के बाद प्रादेशिक भाषिक स्कूल के छात्रों को अपनी नई अधिग्रहित अंग्रेज़ी प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना।
2. शिक्षकों और छात्रों के लिए समान रूप से उत्साह और एक हेतु प्रदान करना।
3. श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रादेशिक भाषिक स्कूल के शिक्षकों एवंम छात्रों को उनके कार्यशैली के लिए एक मंच प्रदान करते हुए, उन्हें पुरस्कृत एवंम सम्मानित करना।
4. अधिक छात्रों को और शिक्षकों को प्रेरित करना, ताकि वे अपने अंग्रेज़ी के भय को हराकर उस पर जीत हासिल कर सकें।

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

पिछले शैक्षणिक वर्ष (२०२१-२२) में यह प्रतियोगिता पहली बार अंतरराज्यीय स्तर पर आयोजित कि गई, जिसमें भारत के ५ राज्यों के भिन्न-भिन्न जिलों से आए छात्रों ने **'डब्ल्यू.पी.सी चैंपियन'** बनने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा की।

आइए देखते हैं इस प्रतिस्पर्धा की एक झलक, जहाँ मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के छात्रों ने इस प्रतियोगिता की भव्यता बढ़ाई।

**वीडियो देखने के लिए QR code स्कैन करे :-**

## डब्ल्यू.पी.सी मध्य प्रदेश :-

मध्य प्रदेश में पहली बार यह प्रतियोगिता राज्य शिक्षा केंद्र (RSK) की अनुमति द्वारा सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के छात्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## *डब्ल्यू.पी.सी मध्य प्रदेश में भाग लेने की पात्रता:*

केवल प्रादेशिक भाषिक स्कूल के शिक्षकों के लिए, स्कूल सरकारी / सहायता प्राप्त / प्राइवेट हो सकते हैं।

प्रतियोगिता केवल उन बच्चों के लिए है, जो वर्तमान के शैक्षणिक वर्ष (२०२२-२०२३) में कक्षा 'दूसरी से पाँचवी' में पढ़ रहे हों।

## प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया :-

डब्ल्यू.पी.सी मध्य प्रदेश में भाग लेने की सरल प्रक्रिया:

### 1. रजिस्ट्रेशन-

जो शिक्षक पात्र हैं तथा डब्ल्यूपीसी में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार के पोर्टल 'Pariksha' पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

पंजीकरण की तिथि और प्रक्रिया के बारे में राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को सूचित किया जाएगा।

### 2. छात्रों को पढ़ाना-

अपने छात्रों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए शिक्षकों को उचित डिजिटल अध्ययन सामग्री प्रदान की जाएगी।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके छात्र प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करें यह आवश्यक है कि शिक्षक स्वयं पाठ्य सामग्री का अध्ययन करें और फिर अपने छात्रों को वह सिखाएं।

पाठ्य सामग्री शिक्षकों तक RSK के सहयोग से उनके ब्लॉक अथवा क्लस्टर अधिकारियों / लीपफॉरवर्ड की टीम द्वारा उनके व्हाट्सप्प पर पहुँचाई जाएगी।

### 3. छात्र नॉमिनेशन-

एक बार जब एक शिक्षक ने प्रतियोगिता के लिए खुद को पंजीकृत कर लिया है, तब उसे अपने छात्रों को इसके लिए नामांकित करना होगा। शिक्षकों को यह निर्णय लेने में सहायता करने के लिए, शिक्षकों के साथ एक विशेष परीक्षा पत्र / पत्रिका साझा की जाएगी / जाएगा।

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

शिक्षक अपने सभी छात्रों को इस परीक्षा के लिए अनुमती दे सकते हैं। और फिर प्रतियोगिता के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र को नामांकित कर सकते हैं।

नामांकन की प्रक्रिया राज्य सरकार के पोर्टल 'Pariksha' पर भी होगी, जिसकी तिथि और प्रक्रिया अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी।

## प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया :-

### 1. क्लस्टर लेवल-

मध्य प्रदेश के सभी जिलों से नामांकित छात्रों के लिए क्लस्टर लेवल पर प्रतियोगिता का पहला राउन्ड आयोजित किया जाएगा।

यह परीक्षण शारीरिक रूप से २२ नवंबर २०२२ को नजदीकी क्लस्टर केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

इस राउन्ड के लिए समय-सारिणी और अतिरिक्त विवरण अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### 2. डिस्ट्रिक्ट लेवल-

क्लस्टर लेवल से सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले अगले चरण के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे, जो जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

यह राउन्ड भी भौतिक स्तर पर २२ दिसंबर २०२२ को आयोजित किया जाएगा।

राउंड्स की समय सारिणी और अतिरिक्त विवरण अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के व्हाट्सप्प पर प्रदान किया जाएगा।

### 3. स्टेट लेवल -

डब्ल्यू.पी.सी का स्टेट फाइनल १९-२१ जनवरी २०२३ के बीच मंच पर आयोजित होगा।

**नोट:** प्रत्येक राउन्ड के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्राप्त होंगे। जो छात्र अपने निर्धारित कक्षा का स्टेट फाइनल जीतेगा, वह बनेगा मध्य प्रदेश का डब्ल्यू.पी.सी चैंपियन।

## 'अंग्रेज़ी साक्षरता कार्यक्रम' में सीखने के चार स्तर हैं :-

1. Elementary Reading - ६ अक्षरों तक के ५५० अंग्रेज़ी शब्दों को पढ़ना, वर्तनी और अर्थ।
2. Advance Reading - ५५० से ८५० तक के अंग्रेज़ी शब्दों को पढ़ना, वर्तनी और अर्थ।
3. Elementary Comprehension -सामान्य काल में अंग्रेज़ी वाक्यों के अर्थ को समझना और अंग्रेज़ी में वाक्य बनाना।
4. Advance Comprehension - १२ काल में अंग्रेज़ी वाक्यों के अर्थ को समझना और अंग्रेज़ी में वाक्य बनाना।

इस दस्तावेज़ में छात्रों को पढ़ाने की सभी तकनीकें शामिल हैं, जो अंग्रेज़ी के किसी भी शब्द को 'पढ़ने और लिखने' के लिए एवंम उनमें लर्निंग सामर्थ्य उत्पन्न करने में सक्षम है। जैसे-जैसे चरण और स्तर बढ़ते जाते हैं, शब्दों का स्तर और कठिन होता जाता है।

केवल १९ आसान चरण द्वारा बच्चे पूरी रीडिंग लेवल को सम्पन्न कर पाएंगे।

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Index


| | | |
|---|---|---|
| Concept -1 | Sound of Alphabet | 1 |
| Concept -2 | Joining consonants to vowel | 2 |
| Concept -3 | Three letter words | 2-3 |
| Concept -4 | Four letter words | 3 |
| Concept -5 | Words containing 'ee / oo' | 4 |
| Concept -6 | Words ending with 's' and 'y' | 4-5 |
| Concept -7 | Words with conjoints (sh/ch/th, br/cr/fl, bl/cl/fl, sm/sc/st) | 5 |
| Concept -8 | Alphabet with same sound | 6 |
| Concept -9 | 'e' ending words | 6-7 |
| Concept -10 | Words with two vowel together | 7 |
| Concept -11 | Words containing 'ci/ ce/ cy/ ge/ gi' | 8 |
| Concept -12 | Words ending with 'tion/ sion' | 8-9 |
| Concept -13 | Words ending with 'ing/ ed' | 9 |
| Concept -14 | Words with multiple sound | 10 |
| Concept -15 | Words of VCC + VCV combo | 11-12 |
| Concept -16 | Words containing VC combo + conjoints | 12-13 |
| Concept -17 | Tail words with Consonants and Vowel | 13-14 |
| Concept -18 | Various sounds of vowels | 15 |
| Concept -19 | More words ending with tail words | 16 |


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 1: Sound of Alphabet

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Aa - (ऐ) | Bb - (ब) | Cc - (क) | Dd - (ड) | Ee - (ए) |
| Ff - (फ) | Gg - (ग) | Hh - (ह) | Ii - (इ) | Jj - (ज) |
| Kk - (क) | Ll - (ल) | Mm - (म) | Nn - (न) | Oo - (ऑ) |
| Pp - (प) | Qq - (क्व) | Rr - (र) | Ss - (स) | Tt - (ट) |
| Uu - (अ) | Vv - (व) | Ww - (व) | Xx - (एक्स) | Yy - (य) |
| | | Zz - (ज़) | | |

## विवरण :

वाक्य बनाने के लिए हम शब्दों का उपयोग करते हैं ,शब्द अक्षरों से बनते हैं, इसलिए यदि हम बच्चों को अंग्रेज़ी वाक्य पढ़ना और सिखाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें उन्हें अक्षरों की आवाज़ें सिखानी होगी। अंग्रेज़ी में कुल मिलाकर 26 अक्षर होते हैं। प्रत्येक अक्षर को **‘नाम’** और **‘आवाज़’** होती है।

अगर सही तरीके से अंग्रेज़ी पढ़नी - लिखनी है तो प्रत्येक अक्षर का **‘नाम’** और **‘आवाज़’** याद होना जरुरी है।

1. व्यंजन भाग 1 (Consonants Part 1 - कॉन्सोनन्ट्स भाग 1) – b, d, f, j, k, l, m, n, p, r, s, t, v, x, z.
2. व्यंजन भाग 2 (Consonants Part 2 - कॉन्सोनन्ट्स भाग 2) – c, g, h, q, w, y.
3. स्वर (Vowels - वॉवेल्स) – a, e, i, o, u.

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK

Practice Sheet — CLICK

Quiz — CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

## Concept 2: Joining consonants to vowel

### विवरण :

अंग्रेज़ी भाषा में स्वर बहुत महत्वपूर्ण हैं। अंग्रेज़ी के अधिकांश शब्दों में कम से कम एक स्वर या स्वर की आवाज़ होती है। यदि हमें स्वरों की आवाज़ ठीक से याद नहीं होगी, तो हम अंग्रेज़ी पढ़ते समय गलतियाँ कर सकते हैं, इसलिए हमें स्वरों की आवाज़ को सही से समझने की आवश्यकता है। इस चरण के अंत तक बच्चों ने, पांच स्वरों की पहली आवाज़ (सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली) को याद कर लिया होगा।

### पढ़ने का तरीका :

- 'La' = L की आवाज़ 'ल' + a की आवाज़ 'ऐ' इसलिए 'La' की आवाज़ होती है 'लै'।
- 'De' = D की आवाज़ 'ड' + e की आवाज़ 'ए' इसलिए 'De' की आवाज़ होती है 'डे'।
- 'Bi' = B की आवाज़ 'ब' + i की आवाज़ 'इ' इसलिए 'Bi' की आवाज़ होती है 'बि'।
- 'Co' = C की आवाज़ 'क' + o की आवाज़ 'ऑ' इसलिए 'Co' की आवाज़ होती है 'कॉ'।
- 'Pu' = P की आवाज़ 'प' + u की आवाज़ 'अ' इसलिए 'Pu' की आवाज़ होती है 'प'।

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

| Video | Practice Sheet | Quiz |
|---|---|---|
| CLICK | CLICK | CLICK |

## Concept 3: Three letter words

### विवरण :

तीन अक्षर वाले शब्द को पढ़ने के लिए हम पहले दो अक्षरों की 'आवाज़' लेते हैं और उसमें तीसरे अक्षर की आवाज़ को जोड़ते हैं। इन जोड़ियों के अंत में एक और अक्षर जोड़ने पर तीन अक्षर वाले शब्द बनते हैं। इस चरण के अंत तक, हमारे बच्चें पहले स्वर की आवाज़ के साथ अंग्रेज़ी की किसी भी तीन अक्षर वाले शब्दों को सही ढंग से पढ़ और लिख सकेंगे।


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

## पढ़ने का तरीका :

- 'Lap' = La की आवाज़ 'लै' + p की आवाज़ 'प' इसलिए 'Lap' का उच्चारण होता है 'लैप' ।
- 'Den' = De की आवाज़ 'डे' + n की आवाज़ 'न' इसलिए 'Den' का उच्चारण होता है 'डेन' ।

### उदाहरण:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| La + b = Lab | Be + d = Bed | Wi + g = Wig | Mo + b = Mob | Su + n = Sun |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

# Concept 4: Four letter words

## विवरण :

चार अक्षर का एक शब्द पढ़ने के लिए हम पहले 'तीन अक्षर' के शब्द को पढ़ते हैं और उसमें चौथे अक्षर की आवाज़ जोड़ते हैं। इसी प्रकार से, स्वरों के पहली आवाज़ वाला कोई भी चार अक्षर का शब्द पढ़ा और सही ढंग से लिखा जा सकता है।

## पढ़ने का तरीका :

- 'Limp' = Lim की आवाज़ 'लिम्' + p की आवाज़ 'प' इसलिए 'Limp' का उच्चारण होता है 'लिम्प' ।
- 'Cork' = Cor की आवाज़ 'कॉर' + k की आवाज़ 'क' इसलिए 'Cork' का उच्चारण होता है 'कॉर्क'।

### उदाहरण:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| San + g = Sang | Ten + t = Tent | Win + g = Wing | Cor + n = Corn | Lun + g = Lung |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 5: Words containing ‘ee / oo’

## विवरण :

जब शब्दों में ‘ee’ की जोड़ी आती है तब उसकी आवाज़ ‘एए’ की जगह ‘ई’ होती है और जब शब्दों में ‘oo’ की जोड़ी आती है तब उसकी आवाज़ ‘ऑऑ’ न होकर ‘ऊ / उ’ हो जाती है। अब बच्चे ‘ee’ और ‘oo’ को मिलाकर बनने वाले शब्दों को पढ़ने और लिखने में सक्षम होंगे। हालांकि यह नियम सरल है, शब्दों का सटीक अर्थ बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए बच्चे इस चरण के अंत तक ‘ee’ और ‘i’ के साथ-साथ ‘oo’ और ‘u’ के बीच का अंतर भी सीखेंगे।

### उदाहरण:

| | | | |
|---|---|---|---|
| D + ee + P = Deep | R + ee + f = Reef | R + oo + t = Root | F + oo + t = Foot |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK

Practice Sheet — CLICK

Quiz — CLICK

# Concept 6: Words ending with ‘s’ and ‘y’

## विवरण :

चार अक्षरों वाले शब्द के अंत में जब ‘s’ होता है तब पहले तीन अक्षर से बने हुए शब्द का उच्चारण करके ‘s’ की आवाज़ ‘स’ जोड़ देनी है। जिस शब्द के अंत में ‘y’ होता है तब ‘y’ की आवाज़ ‘य’ नहीं होती है किन्तु ‘ई’ रहती है।

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Copy’ में Cop की आवाज़ ‘कॉप’, और कॉप के आखिर में ‘y’ आने से, ‘y’ की आवाज़ होती है ‘ई’ इसलिए हुआ ‘Copy’ ‘कॉपी’।
- ‘Cap’ = Cap की आवाज़ ‘कैप’ और ‘s’ की आवाज़ ‘स’ इसलिए ‘Caps’ का उच्चारण होता है ‘कैप्स’।


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

**उदाहरण:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bod + y = Body | Hop + s = Hops | Ug + ly = Ugly | Seed + s = Seeds |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

# Concept 7: Words with conjoints

| Sh | Ch | Wh | Th | Br | Cr | Fl | Sm | St |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | च | व / व्ह | थ | ब्र | क्र | फ्ल | स्म | स्ट |

## विवरण :

निम्नलिखित तकनीक का उपयोग करके हम 'br / cr / dr, bl / cl / fl, sm / sc / st' से युक्त शब्दों को पढ़ सकते हैं।

1. यदि शब्दों की शुरुआत ऊपर दिए गए अक्षरों की जोड़ी से होती हैं तो उनके तुरंत बाद आने वाले स्वर के साथ उनका उच्चारण करना होगा।
2. यदि ऊपर दिए गए अक्षरों की जोड़ी शब्द के अंत में हो, तो इन अक्षरों की जोड़ी से पहले तक के शब्दों को पढ़िए और उनमें उपयुक्त दी गई जोड़ी की आवाज़ को मिलाइए।

## पढ़ने का तरीका :

- 'Flash' = Fla की आवाज़ 'फ्लै' + sh की आवाज़ 'श' इसलिए 'Flash' का उच्चारण होता है 'फ्लैश'।

**उदाहरण:**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Mesh | Wheels | Thresh | Cramp | Brush | Flag |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 8: Alphabet with same sound

## विवरण :

जब एक ही आवाज़ वाले दो अक्षर एक साथ आते हैं, तो हम उन अक्षरों की आवाज़ 'दो बार' के बजाय केवल एक ही बार लेते हैं। इस स्तर पर, बच्चे उन शब्दों को पढ़ने और लिखने में सक्षम होंगे जो एक ही आवाज़ के साथ दो अक्षरों को जोड़ते हैं।

## पढ़ने का तरीका :

- 'Fill' = Fi की आवाज़ 'फि' + 'll' की आवाज़ 'लल' नहीं 'ल' होगी इसलिए 'Fill' का उच्चारण 'फिल' होगा।
- 'Cock' = Co की आवाज़ 'कॉ' + ck की आवाज़ 'कक' नहीं 'क' होगी इसलिए 'Cock' का उच्चारण 'कॉक" होगा।

### उदाहरण:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Stre + ss = Stress | Stru + ck = Struck | Thri + ll = Thrill | Blo + ck = Block |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

**Video** CLICK

**Practice Sheet** CLICK

**Quiz** CLICK

# Concept 9: 'e' ending words

## विवरण :

'e' से समाप्त होने वाले शब्दों को पढ़ने के लिए दो नियम हैं -

**नियम 1:** 'e' को भूलना है ( आवाज़ नहीं लेनी है। )

**नियम 2:** 'e' से पहले जो स्वर (Vowel) है उसकी **'आवाज़'** ना लेते हुए **'नाम'** लेना है।


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Bake’ = B(ब) + a( ‘a’ का नाम ‘ए’ ) + k (क) + e( ‘e’ की आवाज़ नहीं लेनी है ) = ‘बेक’ ।
- ‘Dive’ = D(ड) + i ( ‘i’ का नाम ‘आइ’ ) + v (व)+ e( ‘e’ को भूलना है ) = ‘डाइव’ ।

### उदाहरण:

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Wipe | Lake | Rope | Cube | Shape | Crime | Spoke | Grade |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं ।

**Video** CLICK | **Practice Sheet** CLICK | **Quiz** CLICK

# Concept 10: Words with two vowel together

## विवरण :

स्वरों की जोड़ी से युक्त शब्दों को पढ़ने के लिए दो नियम है -

**नियम 1:** पहले स्वर की ‘आवाज़’ ना लेते हुए उसका ‘नाम’ लेना है ।

**नियम 2:** दूसरे स्वर की आवाज़ नहीं लेनी है (दूसरे स्वर को भूलना है) ।

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Leap’ = L(ल) + e( ‘e’ का नाम ‘ई’ ) + a( ‘a’ को भूलना है ) +p(प) = ‘लीप’ ।
- ‘Foam’ = F(फ) + o( ‘o’ का नाम ‘ओ’ ) + a( ‘a’ को भूलना है ) +m(म) = ‘फोम’ ।

### उदाहरण:

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Goat | Pain | Scream | Waist | Throat | Reach |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं ।

**Video** CLICK | **Practice Sheet** CLICK | **Quiz** CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 11: Words containing ‘ci/ ce/ cy/ ge/ gi’

## विवरण :

ऐसे शब्दों को पढ़ने की पद्धति थोड़ी सी अलग होती है। ‘c’ के बाद ‘i’ या ‘e’ अक्षर आता है तब ‘c’ की आवाज़ ‘क’ नहीं बल्कि ‘स’ बोली जाती है। इसलिए ‘ci’ की आवाज़ ‘सि’ तथा ‘ce’ की ‘से’ होती है और जब ‘g’ के बाद ‘e’ अक्षर आता है तब ‘g’ की आवाज़ ‘ग’ नहीं बल्कि ‘ज’ बोली जाती है। इसलिए ‘ge’ की आवाज़ ‘जे’ होती है।

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Gems’ = Ge ( की आवाज़ ‘जे’, ‘गे’ नहीं ) + m(म) + s(स) = ‘जेम्स’।
- ‘City’ = Ci ( की आवाज़ होती है ‘सि’, ‘कि’ नहीं ) + t(ट) + y( की आवाज़ शब्द के आखिर में आने के कारण ‘ई’ होती है) = ‘सिटी’।

### उदाहरण:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Acid | Cell | Fancy | Ginger | Age |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK

Practice Sheet — CLICK

Quiz — CLICK

# Concept 12: Words ending with ‘tion, sion, ture’

## विवरण :

‘tion / sion’ इन अक्षरों की जोड़ी की आवाज़ ‘शन’ है। यानी शब्द के अंत में जब ‘tion / sion’ अंत में आता है, तब वह ‘शन’ हो जाता है। ‘ture’ इन अक्षरों की जोड़ी की आवाज़ ‘चर’ है। यानी शब्द के अंत में जब ‘ture’ आता है, तब वह ‘चर’ हो जाता है।

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Men’ की आवाज़ ‘मेन’ + ‘tion’ की आवाज़ ‘शन’ इसलिए ‘Mention’ का उच्चारण होता है ‘मेन्शन’।
- ‘Lec’ का आवाज़ ‘लेक्’ + ‘ture’ का आवाज़ ‘चर’ इसलिए ‘Lecture’ का उच्चारण होता है ‘लेक्चर’।


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

### उदाहरण:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Frac + tion = Fraction | Sculp + ture = Sculpture | Ac + tion = Action | Fea + ture = Feature |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

## Concept 13: Words ending with 'ed / ing'

### विवरण :

शब्द के अंत में जब 'ed' होता है तब आवाज़ 'ड्' होती है। शब्द के अंत में जब 'ing' होता है तब आवाज़ 'इंग' होती है।

### पढ़ने का तरीका :

- 'Pick' का आवाज़ 'पिक' + 'ed' का आवाज़ 'ड्'इसलिए 'Picked' का उच्चारण हुआ 'पिक्ड्'।
- 'Speak' का आवाज़ 'स्पीक' + 'ing' का आवाज़ 'इंग' इसलिए 'Speaking' का उच्चारण हुआ 'स्पीकिंग'।

### उदाहरण:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Shock + ed = Shocked | Teach + ing = Teaching | Rock + ed = Rocked | Think + ing = Thinking |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK | Practice Sheet — CLICK | Quiz — CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 14: Words with multiple sound

## विवरण :

अब तक हमने प्रत्येक स्वर की सिर्फ एक ही आवाज़ सीखी है - पहली आवाज़, अब हम स्वरों की दूसरी, तीसरी, चौथी आवाज़ एवं उनसे बनने वाले अनेक शब्द पढ़ना सीखेंगे। प्रत्येक शब्द को बार-बार पढ़ना है और उनका उच्चारण अच्छी तरह से सीखना है।

| Letter | No. | Sound (Word) |
|---|---|---|
| a | 1 | ॲ/ऐ ( Ant ) |
| | 2 | आ ( Car ) |
| | 3 | ऑ ( Ball ) |
| | 4 | ए ( Lady ) |
| e | 1 | ए ( Egg ) |
| | 2 | अ ( Perk ) |
| | 3 | ई ( Zero ) |
| i | 1 | इ ( Ink ) |
| | 2 | अ ( Bird ) |
| | 3 | आय् ( Idea ) |
| o | 1 | ऑ ( Orange ) |
| | 2 | अ ( Word ) |
| | 3 | ओ ( Roll ) |
| | 4 | आ ( Cow ) |
| u | 1 | अ ( Uncle ) |
| | 2 | उ ( Pull ) |
| | 3 | यू ( Unit ) |
| y | 1 | य ( Yes ) |
| | 2 | ई ( Body ) |
| | 3 | आय् ( Cry ) |
| s | 1 | स ( Bus ) |
| | 2 | ज़ ( Nose ) |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

**Video** — CLICK

**Practice Sheet** — CLICK

**Quiz** — CLICK


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# ADVANCE READING

## Concept 15: Words of VCC + VCV combo

### Vowel - Consonant (VC) combo

अब तक हमने आसान शब्द सीखें जो तोड़कर पढ़ने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी, किन्तु अंग्रेज़ी भाषा में ऐसे बहुत शब्द हैं जो, बड़े और पढ़ने के लिए कठिन होते हैं। इसलिए ऐसे शब्दों को पढ़ते समय विशिष्ट जगह से तोड़ना अनिवार्य है। अब हम सीखेंगे कि बड़े शब्दों को कहाँ और कैसे तोड़ेंगे ?

- VC Combo का मतलब है 1 Vowel (स्वर) + 1 Consonant (व्यंजन)।
- इस जोड़ी में हमेशा Vowel (V) पहले और Consonant (C) दूसरे स्थान पर रहता है।

**उदाहरण:**

Prank — an: VC

Space — ac: VC

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

| Video | Practice Sheet | Quiz |
|---|---|---|
| CLICK | CLICK | CLICK |

### VC combo + Vowel (VCV)

हम बड़े शब्दों के योग्य उच्चारण के लिए शब्दों को तोड़कर पढ़ते हैं। अब शब्द अचूक तरीके से कैसे तोड़ना है, यह नियम देखेंगे।

Lo | gic
(o: V; gi: CV)

**नियम 1:** शब्द में VC combo ढूँढ़ना। ( Logic शब्द में 'og' यह एक VC है और 'ic' यह दूसरा VC है। )

**नियम 2:** VC combo के बाद आने वाला अक्षर Vowel है या Consonant है यह ढूँढ़ना होगा।

**नियम 3:** जब शब्द में VC combo के बाद V (Vowel) आए , तब उसे V और C के बीच में तोड़ना है।

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

**उदाहरण:**

'PREDICT', यह शब्द तोड़कर ('PRE- प्रे' 'DICT- डिक्ट') ऐसे पढ़ते हैं, अतः उच्चारण हुआ - 'प्रेडिक्ट'।

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

| Video | Practice Sheet | Quiz |
|---|---|---|
| CLICK | CLICK | CLICK |

## VC combo + Consonants (VCC)

जब शब्द में VC combo के बाद C (Consonant) आए , तब उसे VC के बाद तोड़ना है।

Tab | let
VC C

**उदाहरण:**

'Tablet', यह शब्द तोड़कर ('Tab - टैब', 'let - लेट') ऐसे पढ़ते हैं, अतः उच्चारण हुआ - 'टैबलेट'।

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

| Video | Practice Sheet | Quiz |
|---|---|---|
| CLICK | CLICK | CLICK |

# Concept 16: Words containing VC combo + conjoints

प्रत्येक शब्द स्वर और व्यंजन दोनों की आवाज़ों से मिलकर बनता है। बड़े शब्द को तोड़ने से उसके छोटे- छोटे भाग हो जाते हैं। हर एक भाग में स्वर और व्यंजन की जोड़ी होती है जिसको मिलाकर एक विशिष्ट आवाज़ निकलती है।

## Vowel - Consonant (VC) combo

**ck/ss:** जिन शब्दों में 'ck' अथवा कोई भी एक अक्षर दो बार आता है तब दोनों को मिलाकर एक ही अक्षर माना जाता है। इसलिए Po | cket पॉकेट
V C V

## Vowel + ch / sh, th / tch (as one unit - C) + V/C

जिन शब्दों में ‘ch/ sh, th/ tch’ आते हैं, तब दोनों को मिलाकर एक ही अक्षर (Consonant) माना जाता है।

## पढ़ने का तरीका :

- ‘Flashgun’ इस शब्द में VC combo ‘ash’ है (सिर्फ as नहीं)। इसके बाद कॉन्सोनेंट ‘g ’ है। नियम के अनुसार शब्द VC combo के बाद तोड़ना है। इसलिए ash के बाद शब्द तोड़ना है। आगे VC combo ‘un’ है। इसलिए उच्चारण ‘Flash-फ्लैश ‘gun-गन’ = ‘फ्लैशगन’ होता है।
- Methodic VC combo ‘eth’ है (et नहीं)। इसके बाद vowel ‘o’ है। नियम के अनुसार शब्द VC combo के बीच में तोड़ना है।

  इसलिए उच्चारण ‘Me-मे tho-थॉ dic-डिक’ = ‘मेथॉडिक’ होता है।

**उदाहरण:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Furnish | Prosthetic | Withheld | Crunchy |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK

Practice Sheet — CLICK

Quiz — CLICK

# Concept 17: Tail words with Consonants and Vowels

## Advance Reading में Tail Words के दो प्रकार है -

1. व्यंजन (Consonant) से शुरू होने वाले Tail Words। ( tion, ture, tial, tious, ment, ness, ful )
2. स्वर (Vowel) से शुरू होने वाले Tail Words। ( ing, able, ism, ous, ate, age, ive, ate, ed )

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

‘Tail Words’ युक्त शब्दों को पढ़ने की पद्धति नीचे दिखाई गई है।

**नियम 1:** शब्द में Tail Word ढूँढ़ना।

**नियम 2:** Tail Word अगर ‘Consonant’ से शुरू होने वाला है तो Tail Word के आरंभ में शब्द तोड़ना है। Tail Word अगर vowel से शुरू होने वाला है तो Tail Word से पहले जो ‘Consonant’ है वहाँ से शब्द तोड़ना है।

**नियम 3:** ऊपरी दोनों के अलावा बाकी शब्द ‘VCC’ अथवा ‘VCV’ combo नियम के अनुसार तोड़ना है।

## Note:-

1. ‘ing और able’ vowel से शुरू होने वाला Tail word है फिर भी पढ़ने की पद्धति consonant से शुरू होने वाले Tail words के जैसे ही है।
2. अगर ‘ed’ से पहले ‘t’ अथवा ‘d’ रहेगा तो उच्चारण ‘ड्’ नहीं बल्कि ‘एड’ (ted-टेड, ded-डेड) होता है।
3. जब समान आवाज़ के दो अक्षर एक साथ रहते हैं तब उनकी आवाज़ एक ही बार लेनी है। इसलिए ‘ss’ होकर भी ‘ssion’ को Tail Word माना है।

## पढ़ने का तरीका :

| | |
|---|---|
| • Am \| bi \| tious =(ऐम्बिशिअस)<br>VC C<br>ऐम बि शिअस | • Con \| fi \| den \| tial =(कॉन्फिडेन्शिअल)<br>VC C<br>कॉन फि डेन शिअल |
| • Sub \| jec \| tive = (सब्जेक्टिव)<br>VC C<br>सब जेक् टिव | • Cri \| ti \| cism = (क्रिटिसिज़म)<br>V CV<br>क्रि टि सिज़म |

### उदाहरण:

| | | | |
|---|---|---|---|
| Participation | Misadventure | Establishment | Relentlessness |
| Corresponding | Unbeatable | Indistinctive | Recalibrate |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

**Video** — CLICK

**Practice Sheet** — CLICK

**Quiz** — CLICK


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 18: Various sounds of vowels

अब तक हमने जो शब्द पढ़ना सीखा, वह सारे स्वरों की पहली आवाज़ से युक्त थे। इसलिए उन्हें पढ़ना आसान था। अब हम सीखने जा रहें हैं ऐसे स्वर जिनमें स्वरों के अन्य आवाज़ का उपयोग होता है। विविध आवाज़ युक्त होकर भी शब्दों को अचूक ढंग से पढ़ने हेतु हम 'Reference Method' का उपयोग करने जा रहे हैं।

| पहले स्वर की आवाज़ | शब्द | अंतिम स्वर की आवाज़ |
|---|---|---|
| पहले स्वर की आवाज़ 'अ' | **Collect** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'ए' |
| | **Balloon** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'उ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'ए' | **Letter** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'अ' |
| | **Exploit** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'इ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'इ' | **Regard** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'आ' |
| | **Kilogram** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'आ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'ऑ' | **Hawker** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'अ' |
| | **Conflict** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'इ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'ऐ' | **Mattress** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'ए' |
| | **Absorb** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'ऑ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'आ' | **Charcoal** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'ओ' |
| | **Ground** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'उ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'आय' | **Wider** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'अ' |
| | **Idea** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'आ' |
| पहले स्वर की आवाज़ 'ओ' | **Operator** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'अ' |
| | **Project** | अंतिम स्वर की आवाज़ 'ए' |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

Video — CLICK

Practice Sheet — CLICK

Quiz — CLICK

Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

# Concept 19: More words ending with tail words

हम अब सीखेंगे ऐसे और शब्द जिनमें Tail word होते हैं बिल्कुल पहले की ही तरह, किन्तु शब्दों में जो वॉवेल्स होंगे वह अपनी पहली आवाज़ में ही होंगे यह जरूरी नहीं। अब हम और बड़े और लंबे शब्दों को पढ़ना सिखेंगे वो भी पहले से ही सीखी गई पद्धितियों के मिश्रण द्वारा।

| Tail Word | Words |
|---|---|
| 'tion' से समाप्त होने वाले शब्द | **Injection, Explanation** |
| 'sion' से समाप्त होने वाले शब्द | **Erosion, Impression** |
| 'ous' से समाप्त होने वाले शब्द | **Ridiculous, Gorgeous** |
| 'ture' से समाप्त होने वाले शब्द | **Temperature , Departure** |
| 'ive' से समाप्त होने वाले शब्द | **Administrative, Representative** |
| 'al' से समाप्त होने वाले शब्द | **Artificial , Mineral** |
| 'ment' से समाप्त होने वाले शब्द | **Accomplishment, Compartment** |
| 'ness' से समाप्त होने वाले शब्द | **Willingness, Independentness** |
| 'ism' से समाप्त होने वाले शब्द | **Vandalism, Activism** |
| 'ate' से समाप्त होने वाले शब्द | **Private, Cultivate** |
| 'able' से समाप्त होने वाले शब्द | **Valuable** |
| 'ful' से समाप्त होने वाले शब्द | **Wonderful, Beautiful** |

इस अवधारणा पर डिजिटल सामग्री नीचे दी गई लिंक पर उपलब्ध हैं।

**Video** CLICK | **Practice Sheet** CLICK | **Quiz** CLICK


Copyright© 2022 LeapForWord. All rights reserved

## पाठ्य सामग्री से जुड़ी जानकारी :-

शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि इस प्राइमर में प्रदान की गई अध्ययन सामग्री के वितरण से पहले स्वयं उन अवधारणाओं को संशोधित करें और फिर छात्रों को पढ़ाएं।

टीम लीपफॉरवर्ड द्वारा शिक्षकों को उनके व्हाट्सएप नंबरों पर अधिकारियों के माध्यम से अभ्यास सामग्री प्रदान की जाएगी।

छात्रों को पढ़ाने के बाद अभ्यास के लिए उसमें दिए हुए QUIZ जरूर हल कराएं।

## जरूरी सूचना :-

कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक जानकारी अधिकारियों एवं टीम लीपफॉरवर्ड द्वारा उनके व्हाट्सप्प नंबर पर शिक्षकों के साथ साझा की जाएगी। इसलिए शिक्षकों से निवेदन है कि वह महत्वपूर्ण अपडेट के लिए अपने व्हाट्सएप नोटिफिकेशन को सक्रिय रूप से चेक करते रहें।

चूँकि केवल मुट्ठी भर छात्र ही अगले दौर के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे, शिक्षकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि जो छात्र प्रगति नहीं कर रहे हैं, वे भी इस कार्यक्रम की अवधारणाओं को सीख रहे हैं। इसलिए क्लस्टर लेवल के राउन्ड में होने वाली परीक्षा के स्कोर बेसलाइन टेस्ट के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन छात्रों के साथ शिक्षकों को पढ़ाई जारी रखनी है और उनमें हो रही उन्नति परिक्षण के लिए एंडलाइन टेस्ट मार्च के महीने में आयोजित की जाएगी। इन टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के प्रयासों को सराहा जाएगा।